13th April 2020
MONDAY

SONAM BALA
(DEPT. OF GEOGRAPHY)
A.N.D. COLLEGE, SHAHPUR PATORY, SAMASTIPUR

FOR — B.A. - II (Hons)

PAPER - III, भारत का भूगोल

LECTURE - 11

UNIT - 1, भारत की जलवायु (क्रमशः....)

भारत में शीत ऋतु (क्रमशः)



भारत : वायुभार एवं धरातलीय पवनें

Note :— हवाएँ उच्च दाब से निम्न दाब की ओर चलती हैं।

Scanned by CamScanner

(संवर्धन हो ...... है।) पश्चिमी जेट-प्रवाह इन अवदाबों को भारत की ओर उन्मुख करने में भूमिका निभाते हैं।

(iii) वर्षा → शीतकालीन मानसून पवनें स्थल से समुद्र की ओर चलने के कारण वर्षा नहीं करतीं, क्योंकि एक तो इनमें नमी केवल नाममात्र की होती है, दूसरे स्थल पर घर्षण के कारण इन पवनों का तापमान बढ़ जाता है, जिससे वर्षा होने की संभावना निरस्त हो जाती है। अतः शीत ऋतु में अधिकांश भारत में वर्षा नहीं होती। अपवादस्वरूप कुछ क्षेत्रों में शीत ऋतु में वर्षा होती है।

(i) उत्तर-पश्चिमी भारत में भूमध्य सागर से आने वाले कुछ क्षीण शीतोष्ण कटिबंधीय चक्रवात, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ वर्षा करते हैं। कम मात्रा में होते हुए भी यह शीतकालीन वर्षा भारत में रबी की फसल के लिए उपयोगी होती है। लघु हिमालय में वर्षा हिमपात के रूप में होती है। यह वही हिम है, जो गर्मियों के महीनों में हिमालय से निकलने वाली नदियों में जल के प्रवाह को निरंतर बनाए रखती है। वर्षा की मात्रा मैदानों में पश्चिम से पूर्व की ओर तथा पर्वतों में उत्तर से दक्षिण की ओर घटती जाती है। दिल्ली में सर्दियों की औसत वर्षा 53 मिलीमीटर (mm) होती है। पंजाब और बिहार के बीच में यह वर्षा 18-25 mm के बीच रहती है।

(ii) कभी-कभी देश के मध्य भागों एवं दक्षिणी प्रायद्वीप के उत्तरी भागों में भी कुछ शीतकालीन वर्षा हो जाती है।

(iii) जाड़े के महीनों में भारत के उत्तरी-पूर्वी भाग में स्थित अरुणाचल प्रदेश तथा असम में भी 25-50 mm तक वर्षा हो जाती है।

Scanned by CamScanner



भारत : दाब एवं धरातलीय पवनें (जुलाई)

(iv) उत्तर-पूर्वी मानसून पवनें अक्टूबर - नवंबर के बीच बंगाल की खाड़ी को पार करते समय नमी ग्रहण कर लेती हैं और तमिलनाडु, दक्षिण आंध्र प्रदेश दक्षिण-पूर्वी कर्नाटक तथा दक्षिण-पूर्वी केरल में मॉनसूनी वर्षा करती हैं।

Scanned by CamScanner



जुलाई में दिन का मध्य मासिक तापमान



भारत में जाड़े की ऋतु में 9–13 km की ऊँचाई पर वायु दिशा

Scanned by CamScanner